# 1150 - नये मुसलमान के लिए खतना और नाम का चयन

### प्रश्न

मैं डेनमार्क का रहनेवाला एक युवक हूँ। मैं एक अवधि से इस्लाम में रूचि रखता हूँ। अब मैं एक ऐसे बिंदु पर पहुँच चुका हूँ जहाँ मुझे पूरा-पूरा विश्वास हो गया है कि मैं इस्लाम धर्म स्वीकार करना चाहता हूँ। मेरे पास कुछ प्रश्न हैं जो निम्नलिखित हैं:
- क्या मेरे मुसलमान बनने के लिए खतना करवाना अनिवार्य है (जबकि मैं इसे सहर्ष स्वीकार करता हूँ), और यह खतना कैसे होगा ? क्या यह डॉक्टर या इमाम द्वारा किया जायेगा या मैं इसे स्वयं करूगा ?
- मुझे लगता है कि मुसलमान होने के बाद मेरा अपने नाम को बदलना वास्तव में एक खुशी का मौका है। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूँ कि निम्न नामों में से कौन सा नाम मेरे प्रथम नये नाम के रूप में सबसे ज्यादा उपयुक्त है : क़ासिम, आसिम, तैमुल्लाह, सईद।
अगर आप मेरे प्रश्न का उत्तर देंगें तो मौं आप का बहुत आभारी हूँगा।

### विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

सभी प्रशंसायें उस अल्लाह के लिए योग्य हैं जिस ने आपको यह मार्ग दर्शाया। अगर अल्लाह ने आपको निर्देशित न किया होता तो आप मार्गदर्शन नहीं पा सकते थे। आज रात हमारे लिए यहबहुत ही सुखद खबर है कि आप हमारा धर्म अपनाने की इच्छा रखते हैं। हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि वह आप को सत्य मार्ग अपनाने की तौफीक़ प्रदान करे और इस्लाम पर सुदृढ़ रखे।

रहा आप का पहला प्रश्न तो अगर खतना आप के लिए नुकसान का कारण नहीं है तो आप इसे किसी ऐसे सर्जन द्वारा करवा सकते हैं जिसके अनुभव और कौशल पर आपको भरोसा है। और यदि यह आप के लिये नुक़सान का कारण है तो उसे ना करवाने में आपके ऊपर कोई पाप नहीं है और इन शा अललाह यह आप के इसलाम को प्रभावित नहीं करेगा ।

रही बात आप के नाम बदलने की तो अल्लाह के निकट सबसे प्रिय नाम अबदुल्लाह और अब्दुर्रहमान है, जैसा कि सहीह हदीस में नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से वर्णित है, जिसेमुस्लिम (हदीस संख्या: 3975) ने रिवायत किया है।

लेकिन अगर आप चाहते हैं कि हम आप के लिए आपके दिये गये नामों में से किसी एक नाम का चयन कर दें तो आप अपना नाम "आसिम" रख सकते हैं। अरबी भाषा में इसका अर्थ रक्षक, या समर्थक, या पाल होता है।

हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि आप को महान इस्लाम की छाया में सुखद व आनंदित जीवन प्रदान करे।

इस्लाम प्रश्न और उत्तर